वर्षः- 05
अंकः- 328
मुरादाबाद
(Tuesday)
24 March 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## पश्चिम एशिया संकट का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर हो रहा असर

## पश्चिम एशिया संकट का भारत पर कितना असरःपीएम मोदी ने बताया- अब तक 3.75 लाख+ भारतीय सुरक्षित लौटे, सजग है सरकार

पश्चिम एशिया संकट का भारत पर कितना असर- पीएम मोदी ने बताया- अब तक 3.75 लाख+ भारतीय सुरक्षित लौटे, सजग है सरकार लोकसभा में पश्चिम एशिया संकट पर बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक 3 लाख 75 हजार से अधिक भारतीय सुरक्षित लौट चुके हैं। ईरान से अब तक 1000 भारतीय सुरक्षित लौटे हैं। इनमें 700 से अधिक मेडिकल की पढ़ाई करने वाले युवा हैं। खाड़ी में हजारों भारतीय विद्यार्थी पढ़ते हैं।



सीबीएसई ने इन स्कूलों में 10वीं और 12वीं की परीक्षा को रद्द कर दिया। सीबीएसई इन स्कूलों में बच्चों की निर्बाध पढ़ाई जारी रखने के लिए तत्काल कदम उठा रही है।पीएम ने देश की उर्जा आपूर्ति पर बोलते हुए कहा, भारत ने बड़ी मात्रा में कच्चा तेल, गैस और फर्टिलाइजर जैसी अहम चीजें होर्मुज से आती हैं। होर्मुज में फिलहाल जहाजों का आना-जाना मुश्किल हुआ है। हमारी सरकार का प्रयास रहा है कि पेट्रोल-डीजल और गैस की सप्लाई प्रभावित न हो। हम सभी जानते हैं कि देश अपनी जरूरत की 60 फीसदी एलपीजी आयात करता है। इसकी सप्लाई में अनिश्चितता के कारण सरकार ने इसके घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी है। साथ ही देश में एलपीजी का घरेलू उत्पादन भी बढ़ाया जा रहा है।लोकसभा में पीएम ने कहा, पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति लगातार बरकरार रखने की कोशिश की जा रही है।

बीते एक दशक में उठाए गए कदम अब और भी प्रासंगिक हो गए हैं। भारत ने बीते 11 साल में अपनी ऊर्जा जरूरतों की आपूर्ति का डायवर्सिफिकेशन किया है। पहले भारत में 27 देशों से कच्चे तेल और गैस का आयात किया जाता था। अब भारत 41 देशों से ऊर्जा जरूरतों का आयात किया जाता है। भारत ने कच्चे तेल के भंडारण को भी प्राथमिकता दी है। आज भारत के पास 53 लाख मीट्रिक टन का स्ट्रैटिजिक रिजर्व है और 65 लाख मीट्रिक टन के रिजर्व पर काम किया जा रहा है। पिछले 11 वर्ष में हमारी रिफाइनरिंग क्षमता भी बढ़ी है। भारत लगातार अलग-अलग सप्लायर्स से भी संपर्क में है। प्रयास है कि जहां से संभव हो वहां से सप्लाई होती रहे। हमारा प्रयास है कि तेल हो गैस हो, फर्टिलाइजर हो, ऐसे सभी जहाज भारत तक सुरक्षित पहुंचें। हम सभी वैश्विक सहयोगियों के साथ निरंतर संवाद कर रहे हैं, ताकि हमारे मैरिटाइम कॉरीडोर सुरक्षित रहें। इन वार्ताओं के चलते होर्मुज में फंसे हमारे कई जहाज भारत आए भी हैं।ईद और चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ-साथ शनिवार-रविवार के लंबे अवकाश के बाद संसद के बजट सत्र की कार्यवाही आज फिर शुरू होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्यसभा में अहम विधेयक पेश करेंगे।

लोकसभा में 11 बजे से प्रश्नकाल की शुरुआत होगी।पीएम मोदी ने कहा कि युद्ध से प्रभावित देशों के साथ भारत के व्यापक व्यापारिक रिश्ते हैं। जिस क्षेत्र में युद्ध हो रहा है, वह दुनिया के दूसरे देशों के साथ हमारे व्यापार का भी एक अहम रास्ता है। खासकर कच्चे तेल और गैस की जरूरतों का बड़ा हिस्सा यही क्षेत्र पूरा करता है। हमारे लिए यह क्षेत्र एक और कारण से भी अहम है। लगभग एक करोड़ भारतीय खाड़ी देशों में रहते हैं और काम करते हैं। वहां समुद्र में जो वाणिज्यिक शिप चलते हैं, उनमें भारतीय क्रू मेंबर्स की संख्या काफी ज्यादा है। इन कारणों की वजह से भारत की चिंताएं अधिक हैं। यह आवश्यक है कि भारत की संसद से इस संकट को लेकर एकमत और एकजुट आवाज दुनिया में जाए।लोकसभा में पीएम मोदी ने कहा कि बीत दो तीन हफ्तों में जयशंकर जी ने और हरदीप पुरी जी ने सदन को जानकारी दी है। इसका पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था पर और लोगों के जीवन पर विपरीत असर हो रहा है। पूरी दुनिया इस संकट के जल्द से जल्द समाधान के लिए सभी पक्षों से आग्रह भी कर रही है। भारत के सामने भी इस युद्ध ने अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। ये चुनौतियां आर्थिक भी हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ी हैं और मानवीय भी हैं।पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर संसद में पीएम मोदी के बोलने के बारे में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि यह एक अच्छी बात है। मैं सुनना चाहती हूं कि वे क्या कहेंगे है। कई मुद्दे हैं। इस युद्ध का हमारे देश पर बहुत बड़ा असर पड़ रहा है। यह बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था, लेकिन मुझे खुशी है कि अब वह ऐसा कर रहे हैं। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद में पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और उससे निपटने के तरीके के बारे में बात करेंगे, तो देशवासियों को वास्तविक स्थिति के बारे में जानकारी मिल सकेगी।भाजपा सांसद रवि किशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले सरकार प्रमुख बनने पर उनकी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मोदी न सिर्फ लंबे समय तक सेवा करने वाले नेता हैं, बल्कि एक दाग रहित छवि वाले नेता भी हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई नेता पूरी निष्ठा से देश की सेवा करता है, तो उसकी पहचान दुनिया भर में बनती है। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए रवि किशन ने कहा कि उन्हें जमीनी हकीकत देखनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि देश का हर व्यक्ति प्रधानमंत्री मोदी को वोट देना चाहता है।दिल्ली में डॉ.राम मनोहर लोहिया की जयंती के अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और अन्य सांसदों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभी नेताओं ने संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में एकत्र होकर डॉ. लोहिया की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए और उनके योगदान को याद किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दोपहर 2 बजे लोकसभा में पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के अहम मुद्दों पर बयान देंगे। इस दौरान वे मौजूदा हालात, भारत पर उसके असर और सरकार की तैयारी व रणनीति के बारे में जानकारी दे सकते हैं। यह संबोधन ऐसे समय में हो रहा है जब क्षेत्र में तनाव बना हुआ है और हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है।जेडीयू सांसद संजय कुमार झा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पश्चिम एशिया के हालात की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि अगर स्थिति नियंत्रण में है और एलपीजी स्थिरता को लेकर कोई दिक्कत नहीं है। अगर भविष्य में हालात बिगड़ते हैं, तो सरकार जरूरी कदम उठाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### खाद्य, ऊर्जा समेत कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली मंजूरी, 37 प्रस्तावों पर मुहर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई। राज्य के औद्योगिक और बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने के लिए कई बड़े फैसले लिए गए।उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में खाद्य, ऊर्जा और नगर विकास विभाग से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य ?2585 प्रति क्विंटल तय किया है, जो पिछले वर्ष से ?160 अधिक है। गेहूं खरीद 30 मार्च से 15 जून 2026 तक 6500 केंद्रों पर की जाएगी।ऊर्जा क्षेत्र में घाटमपुर पावर प्लांट के लिए कोल माइन विकास हेतु 2242.90 करोड़ स्वीकृत हुए। वहीं गोरखपुर में 20 मेगावॉट का फ्लोटिंग सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा। नगर विकास के तहत नवयुग पालिका योजना को भी मंजूरी दी गई है, जो 58 जिला मुख्यालयों में लागू होगी। सबसे बड़ा केंद्र बिंदु प्रदेश के किसान रहे। सरकार ने आगामी रबी विपणन सत्र के लिए गेहूं खरीद की नीति स्पष्ट कर दी है, जिससे अन्नदाताओं की आय में सीधा इजाफा होगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कैबिनेट बैठक के बाद किसानों से जुड़े फैसले के बारे में जानकारी दी। प्रदेश को सौर ऊर्जा का हब बनाने की दिशा में गोरखपुर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने और वहां 20 मेगावाट क्षमता के फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया है।

## कैबिनेट मंत्री संजय निषाद श्रृंगवेरपुर में धरने पर बैठे, मस्जिद हटाने की मांग पर अड़े



निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद श्रृंगवेरपुरधाम में जीटी रोड पर धरने पर बैठ गए हैं। उनके साथ पार्टी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद हैं।निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद श्रृंगवेरपुरधाम में जीटी रोड पर धरने पर बैठ गए हैं। उनके साथ पार्टी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद हैं। संजय निषाद मांग है कि श्रृंगवेरपुर धाम में मंदिर के पास बने मस्जिद को तत्काल हटवाया जाए। उन्होंने यहां पर अवैध रूप से कब्जे का भी आरोप लगाया है। धरने की सूचना पर बड़ी संख्या में फोर्स और स्थानीय पुलिस अधिकारी पहुंच गए हैं। संजय निषाद इसके पहले भी मस्जिद हटवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर चुके हैं। मंत्री के धरने के चलते हाईवे पर लगा भीषण जाम- योगी सरकार में कैबनेट मंत्री संजय निषाद समर्थकों के साथ प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर बैठ गए हैं। इसके चलते आवागन बाधित हो गया है। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई है। मंत्री मस्जिद को हटाने के साथ ही यहां पर हो रहे अवैध अतिक्रमण, अवैध खनन को भी रोकने की मांग कर रहे हैं। कहा कि निषादराज के किले का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। जाम के चलते यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। जाम में एंबुलेंस से लेकर स्कूली बच्चों के वाहन तक फंसे हुए हैं। अधिकारी मंत्री को समझाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन वह बिना किसी ठोस कार्रवाई के हाईवे खाली करने के लिए तैयार नहीं है।

## डिप्टी सीएम केशव बोले- समाजवादी पार्टी जनता की सुरक्षा के लिए खतरा है, ये 2027 में समाप्त हो जाएगी




उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा के लिए 2027 के चुनाव में कोई संभावना नहीं है। 2027 में सपा पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी यूपी की जनता के लिए खतरा है। सपा की सरकार आने का मतलब महिलाओं की सुरक्षा को खतरे में डालना। महिलाओं के सुहाग को खतरे में डालना और जिन्हें राखी बांधी जाती है उन भाइयों के जीवन को खतरे में डालना। प्रदेश की जनता ने सपा को 2014 में, 2017 में, 2019 में और 2022 में हराया है।

2024 में वो किसी तरह जनता को गुमराह कर अपनी सीटें बढ़ाने में कामयाब हो गए।उन्होंने कहा कि 2027 के चुनाव में सपा के लिए कोई संभावना नहीं है। सपा में गुंडे और माफियाओं का बोलबाला है। 2027 के चुनाव में सपा यूपी में पूरी तरह समाप्तवादी पार्टी बन जाएगी।वहीं, धुरंधर-2 फिल्म के बारे में अखिलेश यादव के बयान कि भाजपा पैसे देकर फिल्में बनवाती है। इस पर केशव ने कहा कि अखिलेश यादव सत्ता से बाहर रहने के कारण परेशान हैं लेकिन 2047 तक उनके लिए कोई संभावना नहीं है।

## जनता दर्शनः सीएम योगी बोले- बेफिक्र होकर देशसेवा कीजिए, आपके परिवार की सुरक्षा, सम्मान सरकार के जिम्मे

सीएम योगी ने जनता दर्शन में सैनिकों व आम लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने भरोसा दिया कि सरकार परिवारों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करेगी। प्रशासन को समयसीमा में समाधान के निर्देश दिए गए। इलाज हेतु आर्थिक सहायता व जमीनी विवादों के निष्पक्ष निस्तारण पर भी जोर दिया गया।आप बेफिक्र होकर देशसेवा कीजिए। आपके परिवार समेत प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा, सहूलियत, सुरक्षा और सम्मान सरकार के जिम्मे है।



सरकार इसे लेकर पहले दिन से गंभीर है।' ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में आए सैनिकों से कहीं। मुख्यमंत्री ने सैनिकों की समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि निश्चिंत होकर घर जाइए। सरकार हर समस्या का उचित निराकरण कराएगी। 'जनता दर्शन' में विभिन्न जनपदों से पुलिस, जमीनी विवाद, आर्थिक सहायता व स्थानांतरण आदि से जुड़े मामले भी आए। सीएम ने एक-एक कर सबकी समस्याओं को सुना, प्रार्थना पत्र लेकर अधिकारियों को समय सीमा के अंदर उनके उचित निस्तारण का निर्देश दिया।जनता दर्शन' में कई जनपदों से सैनिक भी आए। इनमें से कुछ मामले जमीनी विवादों के भी थे। सीएम योगी ने इनके प्रार्थना पत्र लिए और स्थानीय जिला-प्रशासन व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि देश की सीमा व आंतरिक सुरक्षा में तैनात जवानों से संपर्क करें। उनकी समस्याओं का हर हाल में समयसीमा के अंदर उचित निराकरण कराएं और पीड़ित परिवार को संतुष्ट करें। 'जनता दर्शन' में पुलिस, जमीनी विवाद, आर्थिक सहायता और स्थानांतरण से जुड़े मामले भी आए। सीएम योगी ने पीड़ितों के प्रार्थना पत्र लेते हुए कहा कि जमीनी विवाद में सभी पक्षों को सुनकर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इलाज के लिए आर्थिक सहायता के मामले पर सीएम ने मरीज के परिजनों से कहा कि आर्थिक सहायता के लिए आवेदन करते हुए अस्पताल से एस्टिमेट बनवा लीजिए। सरकार हर तबके की मदद के लिए तत्पर है। आप मरीज की देखभाल कीजिए, इलाज की चिंता सरकार पर छोड़ दीजिए, सरकार पूरी मदद करेगी।

संपादकीय Editorial

# Now this 'oil and gas war'

Some positive signals have emerged from the US side in the Iran war. President Trump has made it clear that he will not send American troops. America has already won the war. Iran's entire leadership has been eliminated. Normalcy will soon return. US Treasury Secretary Scott Bessant has stated that oil sanctions on Iran may be lifted. Iran will be able to sell Iranian oil to any country. A decision could be made soon. The US President has hinted at an end to the war, but until he makes an announcement and orders the withdrawal of troops, everything remains uncertain and unstable, as is President Trump's nature. Indeed, the dimensions of the Iran war have completely changed. It has now entered the dangerous and destructive phase of the 'oil and gas war.' If the US truly wants to end the war, why has the Pentagon requested additional funding of $200 billion, or ?18.64 lakh crore, from the US Congress? This is a very relevant question. India's stock and business markets have already lost ?37 lakh crore in just 20 days of the war. On March 19th, nearly ?14 lakh crore was lost in a single day. These are just the losses of financial services, institutions, and corporate entities. The overall losses could be endless. Experts estimate that if crude oil prices remain above ?120 per barrel for a prolonged period, the country's GDP growth and corporate earnings in fiscal year 2027 are bound to be adversely affected. India exports ?19 lakh crore worth of goods to the Gulf countries, which has been disrupted due to the war, clearly impacting the economy. Iran's South Pars Gas Plant, which was attacked devastatingly by Israel, produces 1800 trillion cubic feet of gas. Pars alone could have supplied the world's gas needs for 13 long years. Iran is the third-largest producer of natural gas, after the United States and Russia. Natural gas has been Iran's lifeline, as 80% of its electricity is generated from natural gas. That plant has been burned to ashes. Qatar, also a partner in this region, has been so severely affected that it has stopped LNG production. The most severe attack was carried out by Iran on Qatar's Ras Laffan LNG plant. As a result, 17% of Qatar's gas export capacity has been destroyed. India has been purchasing 47% of its LNG and 25% of its cooking gas (LPG) from Qatar. China and Japan have also been dependent on it. Qatar also supplies gas to other countries in Asia and Europe. If LNG is not available, urea fertilizer production could be in jeopardy. A fertilizer shortage will also lead to reduced harvests. These devastating attacks have created the potential for an energy crisis as well as a food crisis. Enraged by the South Pars attack, Iran launched destructive missile attacks on nine countries, including Israel. If the war ends here, rebuilding the destroyed oil and gas facilities, installations, and refineries will take approximately three to five years, costing billions of rupees. Most importantly, war should not occur during this period. What did the US, Israel, and Iran achieve from these devastations? Debris, ruins, barren land, and flaming oil and gas plants…! During the 2003 Iraq War, the US similarly destroyed numerous energy plants. They remained unrepaired even two years after the war.

# Worrying Situation: Oil Crisis Intensifying Along With Gas

The conflict between the US, Israel, and Iran is deepening the oil and gas crisis in India, leading to a rise in the prices of premium petrol and industrial diesel. If supplies from the Gulf remain disrupted, inflation and unemployment will increase. The US-Iran conflict has deepened the oil and gas crisis in India. Prices of premium petrol and industrial diesel have risen, raising fears of inflation. India will need to make joint efforts to reopen the Strait of Hormuz. The forced increase in the prices of premium petrol and industrial diesel in India amid the conflict between the US, Israel, and Iran indicates that the oil crisis is deepening along with the gas crisis. This is a worrying situation. While prices of regular petrol and diesel remain unchanged, if the supply of oil and gas from the Gulf countries continues to be disrupted, the energy crisis could become even more severe. This will impact not only the common man but also the business and industry sectors. This will result in increased inflation and job losses. This is a crisis that is not limited to India. It is a global crisis, and therefore, it is essential that India, along with other countries, swiftly explore measures to ensure the supply of oil and gas from West Asia. This requires pressure on the United States, on the one hand, and on Iran, which is blocking the Strait of Hormuz, the sea route through which Gulf countries receive oil and gas. The crisis is not only about Iran blocking the Strait of Hormuz, but also about Iran retaliating by attacking US military bases and civilian areas, as well as energy sources, in Gulf countries. This has impacted oil and gas production, further hampering energy supplies from the region. Given this, it is not enough that India participated in a resolution presented by several countries at the International Maritime Organization, aimed at pressuring Iran to open the Strait of Hormuz. It is essential that India, as a distinguished member of this organization, strive to ensure that this proposal yields positive results. Since the issue involves both national and global economic interests, India should also explore whether the countries concerned can jointly utilize their navies to ensure the safe passage of oil and gas tankers through the Strait of Hormuz. This joint naval intervention should not be interpreted as India and other countries supporting or opposing any side in the US-Israel-Iran conflict. The sole purpose of this intervention should be to secure the Strait of Hormuz for maritime transport to protect global economic interests. Since international law permits such positive intervention, India should explore its possibilities.



# Global instability poses an economic challenge, requiring innovative approaches

The Washington Consensus played a crucial role in shaping the modern global economic architecture. Formed in 1989, this consensus paved the way for a rules-based system, as well as neoliberalism and market-oriented economic policies. The Washington Consensus played a crucial role in shaping the modern global economic architecture. Formed in 1989, this consensus paved the way for a rules-based system, as well as neoliberalism and market-oriented economic policies. It facilitated the free flow of capital and trade. This new economic architecture transformed into the Great Moderation.

This period, which lasted until 2007, ensured stable economic growth in all economies, especially developed countries, and lifted millions out of the vicious cycle of poverty. Over time, new poles began to emerge within the unipolar system. With rising protectionism, threats to multipolarity, deviations from the rules-based order, and geopolitical rivalries, the global economic structure has entered a period of uncertainty. Arbitrariness, protectionism, and institutional skepticism are becoming characteristic features of the new global order. Established bodies like the World Trade Organization and the United Nations are facing neglect. India is currently undergoing a period of widespread economic transformation and high GDP growth. It has resolved to become a developed nation before the centenary of its independence. Addressing global constraints along this path is not merely a diplomatic exercise but a strategic imperative related to ensuring energy security, countering geopolitical encirclement, and economic stability. Economic stability plays a crucial role in ensuring energy security and countering geopolitical encirclement, and this status is achieved through sustained economic growth, resilience, and access to broad global markets for specialized products. Undoubtedly, the Indian economy is vibrant and dynamic, but challenges remain regarding global integration. Discussing India's strengths and weaknesses, strong domestic demand, a large working population, deep penetration in the global technology and services sector, a diversified economic base, and a strategic geographical location are its key strengths. While export competitiveness and heavy dependence on imports of oil, electronic components, and capital goods are its weaknesses. There are doubts about policy continuity and the ability of the financial system to finance growth projections. Dependence on imports from China also poses significant risks. To mitigate this, diversifying supply chain partners, encouraging export substitution, and building resilient manufacturing clusters could prove useful. It should also be noted that a multi-pronged strategy is essential to address acute economic disruptions, strengthening economic resilience, expanding external partnerships, and strengthening domestic institutions. It is no secret that addressing structural inequalities in education, health, housing, and rural development will help stimulate economic growth. This will also improve domestic demand and social stability. Public sector investment has made a significant contribution, but it is now imperative to accelerate private sector investment as well. To maximize value creation from investment, the concept of public-private partnerships (PPPs) must be redefined. With the recent labor reforms successfully implemented, the time has come for land reforms. It goes without saying that land acquisition remains a major obstacle to industrialization. Participation in global value chains is essential to enhance competitiveness, which requires steps such as increasing production capacity, improving quality, facilitating trade, and promoting exports. The government's proposal to establish mega parks in various sectors, such as textiles, leather products, and food processing, should be implemented expeditiously to reduce costs and improve quality through scale economies and investment in research and development. Furthermore, India must diversify its export products. Meanwhile, India's economic policies must also focus on establishing greater balance with major global economic powers. Key Indian institutions, such as the judiciary and public administration, have long been awaiting reforms. In a highly competitive world, inordinate delays in contract execution, high costs, and administrative hurdles are no longer acceptable. Furthermore, flexible financial regulatory frameworks and digital economy regulations must evolve in line with global trends. We must also develop the ability to respond quickly to external disruptions. The current international landscape indicates that the world will continue to grapple with global rivalries, protectionism, institutional instability, and the resulting crises for some time to come. The energy crisis arising from the current situation in West Asia is a prime example. In this context, India, striving for rapid progress, will also face challenges. The perceived adversity in this path must be turned to its advantage. Turning the tide requires a shift from a defensive mindset to a proactive, innovative approach to rebuilding. This rebuilding will strengthen our four strengths – demography, domestic demand, democracy, and data – often mentioned by the Prime Minister. This will also require a proactive approach to expanding and strengthening strategic partnerships.



# मुरादाबाद में पैदल चल रहे लोगों को टक्कर मारती रही कार, उछलकर दूर जा गिरे राहगीर, हैरान करने वाला Video



मैनाठेर में तेज रफ्तार कार ने राहगीरों और बाइक सवारों को टक्कर मार दी। इसमें नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया है।मुरादाबाद-संभल रोड पर तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे चल रहे लोगों और बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसा मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव जटपुरा के पास हुआ। दुर्घटना के बाद मौके पर चीखपुकार और अफरातफरी मच गई। घटना में बच्चों समेत कुल नौ लोग घायल हो गए। इनमें से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार काफी तेज थी। अचानक चालक कार पर नियंत्रण खो बैठा और वाहन सड़क किनारे पैदल जा रहे लोगों व बाइक सवारों को एक के बाद एक टक्कर मारता चला गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई लोग उछलकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे में ट्यूशन पढ़ने जा रही पलक (14) गंभीर रूप से घायल हो गई।इसके अलावा अनुष्का (10), आशीष (16), विवेक (18), विजय उर्फ तरुण (12), दुर्गेश (4), अकरम (28), शफीक (42) और शफीक का बेटा अदनान भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को राहगीरों ने तुरंत पास के निजी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद कुछ को सरकारी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। घायलों का इलाज जारी है। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हो गई है। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुट गए और काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। मैनाठेर थाना प्रभारी किरणपाल ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया गया है। संभल निवासी कार चालक अदनान को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मुरादाबाद में दो दोस्तों की मौत: मित्र के भाई की शादी का कार्ड बांटने जा रहे थे, ईद से पहले चारों आए थे घर



मैनाठेर में हुए सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गई। दोनों शादी का कार्ड बांटने जा रहे थे। घटना के बाद मौके पर जाम लग गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।मुरादाबाद-संभल सड़क से सटे ग्राम लालपुर हमीर के निकट सड़क हादसे में संभल के दो दोस्तों की मौत हो गई। इस भीषण हादसे के बाद सड़क पर जाम लग गया। जिससे कुछ ही देर में वाहनों की कतारें लग गईं। रविवार शाम करीब 8-30 बजे संभल निवासी चार दोस्त समीर, अयान, जीशान व अनस दो बाइकों से अनस के भाई सुहैल की शादी का कार्ड बांटने को बुआ और अन्य रिश्तेदारों में मुरादाबाद के मोतीबाग जा रहे थे।इसी दौरान लालपुर हमीर गांव के पास ट्रक से ओवरटेक करते समय समीर और अयान की बाइक के सामने अचानक कार आ गई, जिससे बचाने के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और ट्रक के नीचे आने से संभल के मोहल्ला कोटला निवासी बाइक सवार समीर (22) और चौधरी सराय निवासी अयान (21) की घटना स्थल पर मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक पर सवार जीशान और अनस आगे निकल गए थे।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इस दौरान चालक ट्रक लेकर भाग निकला। वहीं हादसे की सूचना पर दोनों मृत युवकों के परिजनों और सगे संबंधियों में कोहराम मच गया और कुछ देर में मुरादाबाद में मॉर्चरी पर पहुंच गए। मैनाठेर कोतवाल किरन पाल सिंह ने बताया कि पीड़ित परिवार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

ईद से दो दिन पहले दिल्ली से आए थे चारों दोस्त- सड़क हादसे में जान गंवाने वाले समीर और अयान अपने दोस्त जीशान और अनस के साथ दिल्ली में सिलाई का काम करते थे। बताते हैं कि ईद से दो दिन पहले से ही चारों दोस्त दिल्ली से संभल को आए थे, लेकिन समीर और अयान को क्या पता था कि यह ईद उनकी जिंदगी की आखिरी ईद ही होकर रह जाएगी। आकस्मिक हादसे में समीर और अयान की मौत पर जीशान और अनस गम से बेहाल नजर आए जिसको परिजन संभालते नजर आए। 27 मार्च हो होनी है अनस के भाई की शादी - संभल शहर के मोहल्ला चौधरी सराय निवासी अनस के बड़े भाई सुहैल की 27 मार्च को शादी होनी है इससे पहले से अनस अपने दोस्त समीर, अयान और जीशान के साथ शादी का कार्ड बांटने मुरादाबाद के मोतीबाग अपनी बुआ और अन्य रिश्तेदारों के यहां जा रहे थे लेकिन अचानक हुए भीषण हादसे में अनस ने अपने दो दोस्त समीर और अयान को खो दिया है। इस हादसे से शादी की तैयारियां को ग्रहण लग गया है।

# तेज रफ्तार रोडवेज ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर



मुरादाबाद में लोकोशेड पुल के पास रुहेलखंड डिपो की बस ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। इसमें एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक भाग निकला। उसकी तलाश की जा रही है।लोकोशेड पुल के पास मंदिर के सामने रविवार रात रूहेलखंड रोडवेज डिपो की बस ने बाइक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में पीतल पॉलिश कारीगर की मौत हो गई। जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर भाग निकला। गलशहीद थाना क्षेत्र के ईदगाह के नजदीक रहने वाला फरदीन (26) अपने पिता तालिब के साथ पीतल पॉलिश का काम करता था। रविवार की शाम फरदीन अपने दोस्त पीरजादा निवासी मुकर्रम (25) के साथ घूमने के लिए हर्बल पार्क गया था।रात करीब 9-00 बजे दोनों दोस्त बाइक से घर लौट रहे थे। लोकोशेड पुल से उतरते ही मंदिर के पास पहुंचने पर पीछे से आ रही रूहेलखंड डिपो की बस ने बाइक में टक्कर मार दी। दोनों बाइक सवार रोड पर गिरकर घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही सिविल लाइंस पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने फरदीन को मृत घोषित कर दिया।

जबकि घायल मुकर्रम का इलाज चल रहा है। हादसे के चालक बस छोड़कर भाग निकला। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि रोडवेज बस को कब्जे में ले लिया है। चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों से तहरीर मिलने पर इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा बनाम भाजपा की जंग में फंसी जिला कमेटी की घोषणा, अपनों की जंग से जूझ रही पार्टी, बढ़ रहीं मुश्किलें

यूपी के मुरादाबाद में भाजपा बनाम भाजपा की जंग में जिला कमेटी की घोषणा फंसी है। अपनों की जंग से भाजपा जूझ रही है। मुश्किलें बढ़ रहीं। विधानसभा क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व और पदाधिकारियों की पृष्ठभूमि पर सवाल उठे है।भाजपा इन दिनों अपनों की जंग से जूझ रही है। हाल ही में घोषित हुई मुरादाबाद महानगर की कार्यसमिति में कई अहम बिंदुओं की अनदेखी की बात सामने आ रही है तो कुछ दिन पहले जारी 10 नामित पार्षदों की सूची में देहात विधानसभा क्षेत्र की हिस्सेदारी न होने का मुद्दा चर्चा में है। इसी तरह कुछ मुद्दे मुरादाबाद जिले की कार्यसमिति के उस प्रस्ताव को लेकर उठाए जा रहे हैं, जो अभी घोषित नहीं हुई है लेकिन जिले से प्रदेश नेतृत्व के हवाले की जा चुकी है।पता चला है कि महानगर की टीम और नामित पार्षदों की सूचियों से जारी कमेंट-कटाक्षों से सजग होकर प्रदेश नेतृत्व ने मुरादाबाद समेत पश्चिमी यूपी के चार जिलों की कार्यसमिति की घोषणा रोक दी है। संगठन का गहराई से अनुभव रखने वाले बताते हैं कि जिले की प्रस्तावित टीम में कुछ नाम 50 साल से ऊपर के हैं, जबकि 30 से 50 वर्ष तक के पार्टी प्रतिनिधियों को शामिल किए जाने यानी 50 से अधिक उम्र वालों को संगठन की मुख्य धारा में पद न देने का नियम है। प्रस्तावित लिस्ट में सभी नाम 50 की अधिकतम उम्र की सीमा का पालन करते नहीं दिखते। इसके अलावा जिले की कमेटी की अधिकृत घोषणा से पहले ही प्रस्तावित सूची में विधानसभा क्षेत्रवार इलाकों के प्रतिनिधित्व पर भी सवाल उठ रहे हैं। सांगठनिक व्यवस्था के हिसाब से जिला कार्यसमिति में कांठ, ठाकुरद्वारा, कुंदरकी, बिलारी का ही प्रतिनिधित्व होना चाहिए। इसका कारण जिले की शेष दो विधानसभा सीटें (मुरादाबाद नगर और देहात) पहले से महानगर जिला कार्यसमिति में कवर हैं। जिले के प्रस्ताव में मुरादाबाद महानगर में लंबे समय से सक्रिय और निवास कर रहे कई भाजपाइयों को स्थान दिया गया है। इसके लिए किसी को ग्रामीण क्षेत्र की उस विधानसभा सीट से सदस्यता दिला दी गई है, जो सीटें जिले की कार्यसमिति के दायरे में आती हैं। इस तरह की सदस्यता का टैग लगाकर जिले की टीम में स्थान देने की ऐसी ही कोशिश पर कुंदरकी से दिखाए गए एक नाम पर कड़ी आपत्ति ऊपर तक पहुंच गई है। यही नहीं, सूत्र बताते हैं कि जिले की प्रस्तावित टीम में मूल रूप से बिजनौर और संभल के रहने वालों को भी पदाधिकारी बनाने का प्रयास है। इनके बचाव में तर्क यह दिया जा रहा है कि लंबे समय से यह लोग मुरादाबाद शहर में रह रहे हैं। इस तरह के जवाबों पर जानकारों का तर्क है कि अगर उनकी महानगर में निवास अवधि को आधार बना रहे हैं तो उन्हें हालिया घोषित गिरीश भंडूला की महानगर कमेटी में स्थान दिया जाना था। साथ ही महानगर में लंबी रिहायश के तर्क को इस बात से भी काटा जा रहा है कि फिर लंबे समय के शहरी बने कुंदरकी या ग्रामीण क्षेत्र की किसी और




विधानसभा सीट से सदस्य क्यों बनाए गए हैं। इन बिंदुओं पर सांगठनिक लोगों द्वारा ही संगठन के जिम्मेदारों पर उठाए जा रहे सवालों का सीधा जवाब किसी के पास नहीं है। जानकार कहते हैं कि इन्हीं हालात की वजह से जिला कमेटी की घोषणा अटक गई है। प्रदेश नेतृत्व प्रस्तावित कमेटी को जाति-धर्म-क्षेत्र के प्रतिनिधित्व की कसौटी पर कसने के साथ आने वाले समय के विधानसभा चुनाव को भी ध्यान में रखे है। प्रदेश स्तरीय नेताओं का मानना है कि कोई भी चूक या अंतर्कलह विपक्षी दलों को मुखर होने का अवसर दे सकती है। महानगर टीम में भी 50 साल और हर मंडल के प्रतिनिधित्व का सवाल- भाजपा के जानकार बताते हैं कि कुछ दिन पहले घोषित मुरादाबाद महानगर की जिला कार्यसमिति में कई ऐसे लोगों को शामिल किया गया है, जिनकी उम्र 50 वर्ष से अधिक है। इस तरह के लोगों को प्रमुख पदों की जिम्मेदारी दी गई है। कहा जा रहा है कि महामंत्री बने विशाल त्यागी को छोड़कर शेष महामंत्रियों की उम्र भी 50 से ज्यादा है। इसके अलावा हेमराज सैनी, नवनीत टंडन, शम्मी भटनागर, अमित शर्मा आदि संगठन में जगह न पाने वाले भाजपाइयों को उम्रदराज लग रहे हैं। दूसरी ओर, 55 की उम्र पार कर चुके भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश सिसौदिया संगठन के पुराने और जिम्मेदार होने के बावजूद आयु का हवाला देकर पदाधिकारियों की सूची से किनारे कर दिए गए थे। यही नहीं हर मंडल से दो पदाधिकारियों के प्रतिनिधित्व की शर्त भी महानगर टीम में पूरी न होने की भी चर्चाएं हैं। नामित 10 पार्षदों की लिस्ट में देहात सीट के भाजपाइयों को नहीं मौका- कुछ दिन पहले जारी हुई नगर निगम के 10 नामित पार्षदों की सूची में नगर विधानसभा सीट का दबदबा है। देहात विधानसभा सीट के भाजपाइयों में से किसी को नामित पार्षद बनने का अवसर नहीं मिला है। यह स्थिति तब है, जब मेयर के निर्वाचन क्षेत्र में 40 फीसदी शेयर देहात विधानसभा क्षेत्र का है। मुरादाबाद महानगर यानी निगम क्षेत्र में ही 60 फीसदी आबादी देहात विधानसभा क्षेत्र में आती है। इसी वजह से देहात विधानसभा क्षेत्र में निवास करने वाले सुरेंद्र विश्नोई, दिनेश गोला, पंकज शर्मा समेत सात भाजपाई निर्वाचित पार्षद हैं। इस तरह के भाजपाइयों की क्षेत्र में पकड़ के कारण ही मुस्लिम बहुल मुरादाबाद देहात सीट पर चुनाव में भाजपा के केके मिश्रा को हासिल हुए वोटों में से 60 हजार नगरीय क्षेत्र से मिले थे। पर्यवेक्षक-प्रभारी से चर्चा बाद भेजा है प्रस्ताव: पाल- भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल का कहना है कि जिले की प्रस्तावित कमेटी में संगठन के नियमों का पूरा ध्यान रखा गया है। सभी जाति-क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व रखा गया है। काम करने वालों को प्राथमिकता दी है। सक्रिय सदस्यता वाले पते को आधार बनाया गया है। संगठन के पर्यवेक्षक, प्रभारी व अन्य वरिष्ठों से चर्चा के बाद प्रस्ताव प्रदेश स्तर पर भेजा गया है। वहां से विधिवत घोषणा होने के बाद सवाल उठाने वालों को तर्क के साथ जवाब दिया जाएगा। घोषणा से पहले किसी का टीका-टिप्पणी करना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। कमेटी के गठन में पार्टी की रीति-नीति का पूरा रखा गया ध्यान- भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला कहते हैं कि महानगर की कमेटी के गठन में पार्टी की रीति-नीति और सांगठनिक नियमों का पूरा ध्यान रखा गया है। क्षेत्र और जातीय संतुलन समेत महिलाओं की सक्रिय हिस्सेदारी का मानक भी पूरा है। उम्र सीमा में छूट के लिए प्रदेश नेतृत्व से उन नामों पर विशेष निवेदन किया था, जो काफी समय से जिम्मेदारी से संगठन का काम कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव में पूरी टीम का लाभ मिल सके, इस लिहाज से कमेटी का गठन है। उन मंडलों का ही प्रतिनिधित्व नहीं है, जहां गैरभाजपाई और दूसरे दल के प्रति कट्टर रुख वाले मतदाताओं की संख्या अधिक है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसों में मासूम और कारोबारी की मौत, ईद की खुशियां मातम में बदलीं, दोनों परिवारों में कोहराम

अमरोहा जिले में दो हादसों में कारोबारी और एक मासूम की मौत हो गई। इससे दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।अमरोहा में रविवार की देर रात बिजनौर रोड पर ऑटो से टकराकर गिरे व्यापारी आदिल (38) को ट्रैक्टर ने कुचल दिया। इससे उनकी मौत हो गई। ईद के मौके पर घर में खुशियों के बीच घटना की जानकारी पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया है।आदिल शाही चबूतरा मस्जिद निवासी मोहल्ला छोटा वाली गली नफीस के बेटे थे और गुजरी में गारमेंट्स की दुकान चलाते थे। बुधवार रात करीब 10 बजे आदिल किसी काम से जा रहे थे। तभी रास्ते में उनकी बाइक एक ऑटो से टकरा गई। टक्कर के बाद आदिल सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।हादसे में ऑटो चालक भी घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान परिजनों ने पुलिस कार्रवाई कराने के इन्कार कर दिया। मृतक आदिल ने अपने पीछे पत्नी शाहिस्ता, बेटी वानिया और बेटे आहिल को छोड़ा है। वह चार भाइयों और तीन बहनों में चौथे नंबर पर थे। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। अचानक हुए इस हादसे से परिवार में मातम पसर गया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि परिजनों ने लिखित प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई करने से इन्कार दिया। मौसी के घर ईद मनाने आई मासूम को कार ने रौंदा, मौत - गजरौला में पिता के साथ गांव घासीपुरा में मौसी के घर ईद मनाने आई छह साल की मासूम को तेज रफ्तार कार चालक ने रौंद दिया। परिजन बच्ची को गंभीर हालत में उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद आरोपी चालक कार छोड़कर भाग गया। थाना क्षेत्र के गांव कसेरुआ निवासी बाबर खां ईद के दूसरे दिन रविवार को पास के गांव घासीपुरा निवासी सादू के घर ईद मनाने के लिए गए थे। साथ में परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ही छह साल की बेटी मायरा भी थी। बताया जा रहा है कि घासीपुरा पहुंचने पर मायरा मौसी के घर जाने की खुशी में सड़क की ओर बढ़ी तो इसी दौरान तेज रफ्तार चालक ने मायरा को टक्कर मार दी। हादसे में मायरा गंभीर रूप से घायल हो गई। भीड़ बढ़ती देख आरोपी चालक कार मौके पर छोड़कर भाग गया। परिजन बच्ची को गंभीर हालत में उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर क्राइम जगमोहन कश्यप ने बताया तेज रफ्तार कार की टक्कर से बच्ची की मौत होने के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### आधार कार्ड में आसानी से नाम-पता बदल देते थे हैंकर, संभल पुलिस ने किया गैंग का भंडाफोड़, तीन की गिरफ्तारी

संभल में फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाने वाले गैंग का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पांच साथियों की तलाश की जा रही है। वह लोगों का नाम-पता हेकिंग के माध्यम से बदल देते थे।बहजोई पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड बनाने के तीन आरोपी गांव ढयोढाई के निवासी जसवीर, मनैना रामगढ़ के हरीश और जुनावई थाना क्षेत्र के गांव नंदपुर के विल्टू को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया। पांच आरोपी अभी भागे हुए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।रविवार को एएसपी कार्यालय में एएसपी कुलदीप सिंह और बहजोई के सीओ डॉ. प्रदीप कुमार ने संयुक्त रूप से खुलासा किया। उन्होंने बताया कि शिकायत मिली थी कि कुछ लोग आधार कार्ड संशोधन आईडी को हैक करके अवैध रूप से काम कर रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू की और मौके से आठ फर्जी आधार कार्ड, लैपटॉप, फिंगरप्रिंट स्कैनर सहित कई उपकरण बरामद किए।इस दौरान जसवीर कुमार, हरीश और विल्टू को गिरफ्तार किया गया। सुरेंद्र निवासी गांव डुप्टा खुर्द, थाना रजपुरा, ईश्वर मेघवाल, सतपाल निवासी गनूपुरा, जितेंद्र और ओमेंद्र यादव निवासी गांव हुसैनपुर, थाना जुनावई भाग गए।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# बीसलपुर में राष्ट्रीय हनुमान दल का शपथ ग्रहण, नई कार्यकारिणी घोषित

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत -बीसलपुर नगर के एक हॉल में रविवार को राष्ट्रीय हनुमान दल की गोष्ठी एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती व हनुमान जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में योगी आदित्यनाथ के गुरु भाई योगी हनुमान नाथ उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला प्रचारक आरएसएस विजय गंगवार शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक विवेक वर्मा ने की। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष सक्सेना, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिरीष कुमार वैभव, युवा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, जिला संरक्षक स्वतंत्र देवल व जगदीश सक्सेना समेत कई पदाधिकारी




मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। स्वतंत्र देवल ने कार्यकर्ताओं से नियमित हनुमान चालीसा पाठ करने का आह्वान किया। जगदीश सक्सेना ने संगठन के विभिन्न अभियानों पर प्रकाश डालते हुए एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। योगी हनुमान नाथ ने हनुमान जी के विभिन्न स्वरूपों पर प्रकाश डालते हुए रामभक्ति का संदेश दिया। विधायक विवेक वर्मा ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया, जबकि आशीष सक्सेना ने कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। रवि सक्सेना को जिला उपाध्यक्ष, प्रभात सक्सेना को जिला मंत्री, अनुभव शर्मा को जिला सह संयोजक, नीरज गुप्ता को सह प्रचार मंत्री तथा अभिमान शर्मा को सह प्रभारी बनाया गया। अनुराग हिंदू व शोभित अग्रवाल को नगर अध्यक्ष तथा वैभव मिश्र को नगर महामंत्री संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभात ने किया, जबकि संयोजन रवि सक्सेना ने संभाला। आयोजन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हार्ट मैन मेला ग्राउंड में सजी चित्र प्रदर्शनी, सरकार की 9 वर्षों की उपलब्धियों से रूबरू हो रहे लोग

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। बरेली द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शहर के हार्ट मैन रामलीला मैदान में भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी सरकार की बीते 09 वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों पर आधारित है, जिसमें विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी का उद्देश्य आमजन को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देना है। प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर सरकार की योजनाओं के बारे में







जानकारी ले रहे हैं और सराहना भी कर रहे हैं। आयोजन स्थल पर लगातार लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। यह चित्र प्रदर्शनी 26 मार्च तक आमजन के लिए खुली रहेगी, जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठाएं।


प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991


## संक्षिप्त समाचार

### आरबीएसके योजना से 35 बच्चों को मिला नया जीवन, निःशुल्क सर्जरी से लौटी मुस्कान

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत - राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को बड़ी राहत मिली है। योजना के तहत जिले में 35 बच्चों का निःशुल्क उपचार एवं सर्जरी कराकर उनके चेहरे पर मुस्कान लौटाई गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार आरबीएसके योजना के तहत जन्मजात बीमारियों जैसे दिल में छेद, कटे होंठ व तालू (क्लेफ्ट लिप एवं पैलेट), क्लब फुट, कंजनाइटल कैटरेक्ट, न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट, हाइड्रोसिफेलस आदि का निःशुल्क उपचार कराया जा रहा है। अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक जिले में 36 बच्चों की कटे होंठ व तालू की सर्जरी कराई गई। इसके अलावा 11 बच्चों की हार्ट सर्जरी, 26 बच्चों का क्लब फुट उपचार, 8 बच्चों का कंजनाइटल कैटरेक्ट ऑपरेशन, 2 बच्चों का न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट तथा 9 बच्चों का अन्य न्यूरो संबंधी उपचार निःशुल्क कराया गया। ब्लॉक मरौरी के ग्राम बस्थाना में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान टीम को वैष्णवी नाम की बच्ची मिली, जिसका जन्म से होंठ कटा हुआ था। आरबीएसके टीम के प्रयास से उसकी सफल सर्जरी कराई गई। वहीं ग्राम खाग की अनामिका का भी कटे होंठ का निःशुल्क ऑपरेशन कराया गया।

आरबीएसके के तहत जिले में अब तक लगभग 16,026 बच्चों का निःशुल्क उपचार किया जा चुका है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि कटे होंठ व तालू जैसी जन्मजात समस्याओं का इलाज अब पूरी तरह संभव है। अभिभावक अपने बच्चों के निःशुल्क उपचार के लिए डीईसी प्रबंधक मो. जुबैर से मोबाइल नंबर 7536844761 पर संपर्क कर सकते हैं।

# फिर मिले गोवंश के अवशेष, दो चौकी इंचार्ज समेत 7 पर गिरी गाज, SSP ने किया सस्पेंड

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। फरीदापुर चौधरी के नाले में रविवार को दोबारा गोवंश के अवशेष मिलने पर एसएसपी अनुराग आर्य ने नाराजगी जताते हुए दो चौकी इंचार्ज और चार हेड कांस्टेबल समेत सात पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। सभी पुलिसकर्मियों की विभागीय जांच के भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने इज्जतनगर इंस्पेक्टर को गोतस्करों को चिह्नित कर तत्काल कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बता दें कि इज्जतनगर में फरीदापुर चौधरी के पास स्थित नाले में शनिवार को गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिले थे। यह क्षेत्र आरपीएफ के क्षेत्रांतर्गत आता है। शनिवार को मामला संज्ञान में आने पर रिपोर्ट दर्ज



कर बैरियर वन चौकी इंचार्ज उमेश कुमार राय और कर्मचारीनगर चौकी इंचार्ज अमित कुमार को नाले की सफाई कराकर अवशेष दफन कराने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही गोमांस तस्करों को चिह्नित कर कार्रवाई के भी निर्देश दि ए गए। लेकिन दोनों चौकी इंचार्ज और वहां के पुलिसकर्मियों ने आदेश को गंभीरता से नहीं लिया। न तो नाले की ठीक से सफाई कराकर अवशेष दफन कराए और न कोई गोकश पकड़ा जा सका। सीओ की रिपोर्ट पर एसएसपी ने की कार्रवाई- सीओ पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को अवशेष मिलने के बाद चौकी इंचार्जों को नाले की सफाई कराकर उन्हें दफन कराने के निर्देश दिए थे। मगर इसका अनुपालन नहीं किया और रविवार को कुछ अवशेष फिर से नाले में दिखने लगे। इसको लेकर अधिकारियों को रिपोर्ट दी गई थी। इस पर बैरियरन वन चौकी इंचार्ज उमेश कुमार राय, कर्मचारीनगर चौकी इंचार्ज अमित कुमार, हेड कांस्टेबल मो. सलीम, पप्पूराम, मनोज कुमार, सर्वेश कुमार और कांस्टेबल अरुण कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है।

**एसएसपी के एक्शन पर गौकशी कांड का हुआ खुलासा**

# फायरिंग में आरक्षी घायल कार्रवाई में बदमाशों के पैर में लगी गोली , हुए गिरफ्तार



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। एसएसपी अनुराग आर्य के एक्शन लेने के तुरंत बाद ही थाना इज्जतनगर क्षेत्र में गौकशी के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। ग्राम फरीदापुर चौधरी में नाले से गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीमों ने 23 मार्च की रात कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, सिद्धार्थ नगर केंद्रीय विद्यालय के पास चेकिंग के दौरान बाइक सवार तीन संदिग्धों को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में कांस्टेबल राहुल कुमार घायल हो गए। आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी फायरिंग में तीनों आरोपी- असलम, जीशान और नासिर- पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 3 अवैध तमंचे, कारतूस, गौकशी के उपकरण, एक स्प्लेंडर बाइक और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी असलम पर पहले से ही गौवध और आर्म्स एक्ट के 5 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि अन्य आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है और पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कक्षा पांच और आठ की 24 मार्च को होने वाली परीक्षाएं स्थगित

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित कक्षा एक से आठ तक के परिषदीय और मान्यता प्राप्त विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाओं में शासन ने बदलाव किया है। शिक्षा निदेशक (बेसिक) की ओर से जारी ताजा आदेश के अनुसार, आगामी 24 मार्च को होने वाली कक्षा पांच और आठ की परीक्षाओं को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। विभाग ने अब इन विषयों की परीक्षा के लिए 28 मार्च की नई तिथि निर्धारित की है। शिक्षा निदेशक के जारी पत्र के मुताबिक, शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम के तहत 24 मार्च को कक्षा पांच के गणित एवं सामाजिक विषय तथा कक्षा आठ के गणित एवं विज्ञान विषय की परीक्षा होनी थी। अब यह परीक्षाएं 28 मार्च 2026 को आयोजित की जाएंगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा संपन्न होने के बाद मूल्यांकन कार्य कराया जाएगा और छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल उनके अभिभावकों की उपस्थिति में ही घोषित करना सुनिश्चित करना होगा।

नए शेड्यूल के अनुसार तैयारियां शुरू इस बदलाव के बाद विभाग ने स्थानीय स्तर पर सभी तैयारियों को नए शेड्यूल के अनुसार दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। शासन ने यह भी साफ किया है कि इस बदलाव के अलावा परीक्षा से संबंधित शेष अन्य सभी निर्देश और व्यवस्थाएं यथावत रहेंगी। बरेली की बीएसए डॉ. विनीता ने बताया कि परीक्षाओं की तिथि में हुए इस अचानक बदलाव की सूचना स्कूल संचालकों और शिक्षकों के माध्यम से छात्र-छात्राओं तक पहुंचाई जा रही है ताकि समय रहते सभी परीक्षार्थी नई तिथि के अनुसार स्कूल पहुंच सकें।

# पॉश कॉलोनी से कारोबारी की क्रेटा गाड़ी चोरी : सीसीटीवी कैमरे में वारदात कैद

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। शहर की पॉश कॉलोनी रामपुर गार्डन से कार चोरी का मामला सामने आया है। कॉलोनी निवासी कारोबारी रवि खंडेलवाल के बेटे अर्जुन खंडेलवाल की क्रेटा कार रविवार रात के अंतिम पहर में चोरी कर ली गई। एक क्रेटा कार से आए चोर उनकी क्रेटा चोरी कर ले गए। चोरी की घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। इसका फुटेज वायरल हो रहा है। कार का शीशा तोड़कर अंदर घुसा था चोर फुटेज में साफ दिख रहा है कि चोरों ने कार के बराबर



में अपनी कार लगाई और उनकी कार का शीशा तोड़ लिया। एक चोर उनकी कार में घुसा और उनकी क्रेटा कार चोरी कर ली। चोरी इतनी सफाई से की गई कि किसी को भनक नहीं लगी। सोमवार सुबह कारोबारी जब घर से बाहर निकले तो कार नहीं दिखी। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो घटना की जानकारी हुई। पीड़ित ने पुलिस से घटना की शिकायत की है। इससे तीन दिन पहले भी चोरों ने रामपुर गार्डन निवासी एक और कारोबारी की क्रेटा कार चोरी करने की कोशिश की थी।

# तीन दिवसीय आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। बीआरसी केंद्र क्योलड़िया सभागार में सोमवार को आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने प्रशिक्षण का आरंभ मां सरस्वती की आगे दीप जलाकर एवं पुष्प अर्पितकर किया तत्पश्चात एआरपी डॉ मधुरेश दीक्षित ने इस प्रशिक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। एआरपी डॉ विवेक सक्सेना ने इस प्रशिक्षण की रूपरेखा के बारे में विस्तार से चर्चा की एवं समस्त



प्रतिभागियों को इसके प्रत्येक चरण से अवगत कराया प्रशिक्षक राम ब्रज मौर्य ने भाषा शिक्षण को आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए कैसे सुगम बनाया जाए इस पर चर्चा की। अनिल कुमार ने सामाजिक विषय को सुगम बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया तथा सूरज गंगवार ने विज्ञान शिक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए आउट ऑफ स्कूल और ड्रॉप आउट बच्चों को के लिए सुगम बनाने की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने समस्त प्रतिभागियों का आह्वान करते हुए कहा इस प्रकार के प्रशिक्षण न सिर्फ छात्रों बल्कि शिक्षकों के व्यक्तित्व विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं अतः इन प्रशिक्षणों को गंभीरता से ग्रहण करना चाहिए।

# कैंटर ने स्कूटी को रौंदा, बाल-बाल बचे दो दोस्त

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। तेज रफ्तार कैंटर ने चौकी चौराहा पर एक स्कूटी को काफी दूर तक रौंद दिया। घटना के बाद स्कूटी कैंटर के नीचे फंस गई। गनीमत रही कि स्कूटी सवार दो दोस्तों की जान बच गई।



घटना रविवार रात 11 बजे के बाद चौकी चौराहे के पास हुई। शहर के गंगापुर निवासी दीपक अपने दोस्त पंकज के साथ स्कूटी पर धोपेश्वरनाथ मंदिर से अपने घर गंगापुर लौट रहे थे। लाल फाटक से बजरी उतारकर 22 पहियों वाले कैंटर को चालक गौतम अपने घर बिलवा ले जा रहा था। चौकी चौराहे के पास दीपक की स्कूटी इस कैंटर की चपेट में आ गई। स्कूटी कैंटर के एक पहिये के नीचे फंसकर काफी दूर तक घिसटती चली गई।

गनीमत रही कि दीपक और पंकज कैंटर के पहियों की चपेट में नहीं आए। चौकी पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा है। चालक और कैंटर को अपने कब्जे में ले लिया है।

# कोलतार की कीमतों में उछाल से , बरेली में 800 करोड़ के विकास कार्यों पर पड़ा असर

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से कोलतार की कीमतों में 40 हजार रुपये प्रति टन तक का उछाल आया है। फरवरी में जो कोलतार जीएसटी समेत 42,800 रुपये प्रति टन के भाव पर उपलब्ध था, अब उसके दाम लगभग दोगुने हो चुके हैं। मथुरा और पानीपत की रिफाइनरी से होने वाली आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। आने वाले दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। अकेले बरेली जिले में ही विभिन्न विभागों के करीब 800 करोड़ के विकास कार्य प्रभावित होने की आशंका है। इस अनपेक्षित महंगाई का सबसे ज्यादा खामियाजा उन ठेकेदारों को भुगतना पड़ रहा है, जिन्होंने पुराने रेट पर टेंडर लिए थे। अब महंगे दामों पर कोलतार खरीदना घाटे का सौदा साबित हो रहा है। आलम यह है कि अग्रिम भुगतान करने के बावजूद रिफाइनरियों से मांग के अनुरूप माल नहीं मिल पा रहा है। शहर और आसपास के इलाकों में सड़क निर्माण, पेंट उद्योग और अन्य कार्यों के लिए प्रतिदिन करीब एक हजार टन कोलतार



**➔ निर्धारित शर्तों पर ही पूरा होगा कार्य- भगत सिंह**



की जरूरत होती है। इसका बड़ा हिस्सा सड़कों के निर्माण में खप जाता है। ईरान और ओमान जैसे देशों से आयात बंद होने के कारण बाजार में इसकी भारी किल्लत पैदा हो गई है। ठेकेदारों ने दिया अल्टीमेटम - वित्तीय वर्ष की समाप्ति करीब होने के कारण लोक निर्माण, एनएचएआई, नगर निगम, सेतु निगम और बीडीए जैसे विभागों के सड़क से जुड़े निर्माण कार्यों पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। ठेकेदार किसी तरह पुराने स्टॉक से आधा-अधूरा काम निपटाकर भुगतान पाने की जुगत में हैं, ताकि मार्च क्लोजिंग तक कुछ राहत मिल सके। हालांकि, ठेकेदारों ने अल्टीमेटम दिया है कि यदि कीमतें स्थिर नहीं हुईं और आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो एक अप्रैल से काम बाधित हो सकता है। इस तरह प्रभावित हो रहे विकास कार्य-नगर निगम के ठेकेदार अमित खंडेलवाल ने बताया कि एक किलोमीटर लंबी और तीन मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण में करीब सात मीट्रिक टन कोलतार की जरूरत होती है। यानी पुराने भाव 42,800 प्रति टन के हिसाब से यह 29.96 लाख रुपये लगता था। अब इतने कोलतार की कीमत 57.96 लाख रुपये तक पहुंच गई है। अकेले कोलतार की कीमत दोगुनी होने से लागत भी दोगुनी हो गई है। पीडब्लूडी के अधिशासी अभियंता भगत सिंह ने बताया कि जिस दर से टेंडर हुए हैं, ठेकेदारों को उसी पर काम करना होगा। जब नए टेंडर होंगे तो नई दरों का निर्धारण किया जाएगा। नगर निगम के एक्सईएन राजीव राठी ने कहा कि रिवाइज एस्टीमेट के लिए अभी कोई प्रार्थना पत्र नहीं आया है। जो पुराने ठेके हैं, उन्हें निर्धारित शर्तों पर ही पूरा कराया जाएगा।


# डीएम का औचक निरीक्षण: गौशालाओं की व्यवस्थाएं परखी, एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ




क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने सोमवार को तहसील कलीनगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरीपुर मु. फुलहर में स्थित माँ गोमती आदर्श पर्यटन एवं देवीपुरा गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निराश्रित गौवंशों के लिए भूसा, हरा चारा, पेयजल और साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने माँ गोमती गौशाला में टिनशेड निर्माण कराने तथा हरे चारे की बुवाई के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। वहीं देवीपुरा गौशाला में निर्माणाधीन नाले के कार्य को शीघ्र पूरा कराने और खाली पड़ी भूमि पर इंटरलॉकिंग कराने को कहा। उन्होंने दोनों गौशालाओं में साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौटांडा पहुंचकर एचपीवी टीकाकरण अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कोल्ड चेन, महिला वार्ड एवं ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीका नि:शुल्क लगाया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि टीकाकरण के लिए बालिकाएं अपना आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र या शैक्षिक प्रमाण पत्र साथ लाएं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं से मुलाकात कर उन्हें फल वितरित किए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को टीकाकरण अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी कलीनगर, पशु चिकित्सक एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# डिवाइडर पार कर कार की आमने-सामने टक्कर, दो की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

यूपी के कानपुर देहात में भीषण सड़क हादसा हुआ। दो कारों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। कानपुर देहात में अकबरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कानपुर इटावा हाईवे पर कुंभी दूध फैक्टरी के पास रविवार रात डेढ़ बजे के करीब सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और यातायात बहाल कराया। कानपुर से औरैया जा रही कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में पहुंच गई। इसी दौरान औरैया से कानपुर की ओर आ रही कार से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए।हादसे में औरैया की ओर जा रही कार में सवार श्रेष्ठ केसरवानी पुत्र रमेश चंद्र केसरवानी निवासी प्रीतम नगर, थाना धूमनगंज, प्रयागराज, गौरव पुत्र पप्पू शर्मा निवासी चौक प्रयागराज, हिमांशु केसरवानी पुत्र मुन्ना केसरवानी निवासी धूमनगंज प्रयागराज और रवि पुत्र लखन लाल शर्मा निवासी चौक प्रयागराज गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने हिमांशु केसरवानी और रवि को मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष हरमीत सिंह ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। शव मोर्चरी भेजे गए हैं। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया।




# बेटियों की सुरक्षा को नई पहल: एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू



क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत। अमरिया - सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ष्ट॥ष्ट) अमरिया में सोमवार को बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख निशांत सिंह और सीएचसी प्रभारी डॉ. अनिकेत गंगवार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डॉ. अनिकेत गंगवार ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाली एक गंभीर बीमारी है, जिसका मुख्य कारण एचपीवी वायरस है। उन्होंने कहा कि एचपीवी वैक्सीन इस बीमारी से बचाव का प्रभावी माध्यम है और समय पर टीकाकरण से इसके खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह अभियान मुख्य रूप से 9 से 14 वर्ष की आयु वर्ग की किशोरियों को ध्यान में रखकर चलाया जा रहा है, ताकि कम उम्र में ही उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित किया जा सके। ब्लॉक प्रमुख निशांत सिंह ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी बेटियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और उन्हें समय पर टीका अवश्य लगवाएं। उन्होंने कहा कि यह अभियान पूरे क्षेत्र में चलाया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक बेटियां इसका लाभ उठा सकें। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, सीएचसी अमरिया पर एचपीवी टीकाकरण अभियान अब नियमित रूप से संचालित किया जाएगा। इसके लिए ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क कर टीकाकरण कराएं। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मी, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नवगठित जिला टीम के साथ भाजपा का शक्ति प्रदर्शन, संगठन विस्तार और जनसेवा का लिया संकल्प






क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत । भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में सोमवार को नवगठित जिला टीम के साथ आयोजित प्रेस वार्ता में संगठन की मजबूती, विस्तार और जनसेवा को लेकर बड़े संकल्प लिए गए। कार्यक्रम में नई टीम का परिचय कराते हुए पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक सक्रिय, प्रभावी एवं जन-केंद्रित बनाने का संदेश दिया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं आम जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं, जिन्हें घर-घर तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नवगठित जिला टीम को अनुभव और युवा ऊर्जा का संगम बताते हुए कहा कि यह टीम संगठन को नई दिशा और गति देगी। साथ ही सभी पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि मजबूत बूथ ही मजबूत भाजपा की नींव है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर संगठन को सशक्त बनाएं, जिससे पार्टी का जनाधार और अधिक व्यापक हो सके। प्रेस वार्ता में आगामी कार्यक्रमों और अभियानों की रणनीति भी साझा की गई। पदाधिकारियों से जनसमस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहने और जनता के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने का आह्वान किया गया। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण व्यक्त करते हुए एकजुट होकर पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उत्साह और संगठनात्मक एकजुटता साफ झलकती रही। प्रेस वार्ता के माध्यम से यह स्पष्ट संकेत मिला कि भाजपा आने वाले समय में जिले में अपनी राजनीतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को और तेज करने की तैयारी में है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रयागराज में बड़ा हादसा- अमोनिया गैस टैंक फटने से कोल्ड स्टोरेज धराशायी, चार की मौत, मुआवजे का एलान

गंगापार इलाके के फाफामऊ के पास चंदापुर गांव में स्थित कोल्ड स्टोरेज धराशायी हो गया। तेज आवाज के साथ अमोनिया गैस टैंक फटने के चलते हादसा हुआ है। कोल्ड स्टोरेज जिस समय गिरा उस समय वहां पर दो दर्जन से अधिक मजदूर मौजूद थे, जो मलबे में दब गए। हादसे में चार मजदूरों की मौत बताई जा रही है। छह की हालत नाजुक है। एनडीआरएफ टीम बचाव कार्य में जुटी है। घायलों को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह कोल्ड स्टोरेज पूर्व मंत्री अहमद का बताया जा रहा है। फाफामऊ क्षेत्र के चंदापुर में प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर स्थित सपा नेता और पूर्व मंत्री अंसार अहमद का कोल्ड स्टोरेज तेज धमाके के साथ धराशायी हो गया। अमोनिया गैस टैंक फटने के चलते यह हादसा हुआ है। मलबे में डेढ़ दर्जन से अधिक मजदूर दब गए। आनन फानन में सभी को बाहर निकाला गया। इसमें चार मजदूरों के मौत की बात कही जा रही है। छह की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिले भर की एंबुलेंस को राहत बचाव कार्य में लगाया गया है। एनडीआरएफ और एसडीआरफ की टीम रेस्क्यू आपरेशन में जुटी है।हादसे के चलते मलाक हरहर में लखनऊ हाईवे पर वाहनों का आवागमन ठप हो गया है। मौके पर जिलाधिकारी मनीष कुमा वर्मा, पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। मलबे में डेढ़ दर्जन से अधिक लोग दब गए। घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से एसआरएन अस्पताल पहुंचाया गया है। फाफामऊ समेत आसपास के कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई है। बताया जा रहा है कि मौके से निकाले गए चार मजदूरों की हालत नाजुक बनी हुई है। मौके पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम बचाव कार्य में जुट गई है। दर्जन भर से अधिक जेसीबी मलबो को हटाकर दबे हुए लोगों को खोज रही है। शाम सवा चार बजे तक तीन शव निकाले जा चुके हैं। सभी मजदूर बिहार के सहरसा जिले के बताए जा रहे हैं। एक मृतक की पहचान सहरसा के ज्योतिष के रूप में हुई है। पीएम ने किया मुआवजे का एलान- पीएम नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए हादसे पर दुख जताया है। पीएम ने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं। घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हों। एमएनआरएफ से हर मृतक के परिवार वालों को दो लाख रुपये की मदद दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। मृतकों के परिजनों को मिलेंगे दो लाख- सीएम योगी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज के कोल्ड स्टोरेज में हुई भीषण दुर्घटना को हृदय विदारक बताते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना जताई। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, घायलों के तत्काल बेहतर इलाज और जिला प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति मिले। हादसे के समय डेढ़ दर्जन से अधिक मौजूद शीतगृह में मौजूद थे। टैंकर फटने की आवाज सुनकर लोग थर्रा गए। गैस के चलते बचाव कार्य में भी बाधा आ रही है। पूर्व मंत्री अंसार अहमद का है कोल्ड स्टोरेज सपा के नेता और पूर्व मंत्री अंसार अहमद का कोल्ड स्टोरेज बताया जा रहा है। घटना को लेकर लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। एनडीआरएफ की टीम रेस्क्यू आपरेशन में जुटी एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने भी संभाला मोर्चा। मलबे में दबे घायलों को निकालकर पहुंचाया अस्पताल। दर्जन भर से अधिक जेसीबी हटा रही है मलबा दर्जन भर से अधिक जेसीबी को मौके पर लगाया गया है। जेसीबी मलबा हटाकर दबे हुए लोगों को खोजने के काम में लगी है। देर शाम तक चलता रहा रेस्क्यू आपरेशन फाफामऊ में कोल्ड स्टोरेज धराशायी होने के बाद बचाव कार्य देर शाम तक चलता रहा। भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात कर दी गई है।



# दो कुंडल की खातिर 90 साल की बुजुर्ग की हत्या, लहूलुहान कान और चारपाई से बंधे मिले हाथ, दो गिरफ्तार





रायपुर में बुजुर्ग महिला रामप्यारी का शव उनके घर में चारपाई पर पड़ा मिला। पुलिस ने गांव में लगे सीसीटीवी खंगाले तो दो युवक देर रात घूमते दिखाई दिए। दोनों युवकों को पकड़ा तो कुछ ही घंटे में हत्याकांड का खुलासा हो गया। बाबरी थानाक्षेत्र के गांव रायपुर में रविवार रात बुजुर्ग महिला रामप्यारी (90) की गला दबाकर हत्या कर दी और कानों में पहने हुए सोने के कुंडल लूट लिए। उनका शव सुबह चारपाई पर मिला। पुलिस ने चार घंटे बाद वारदात का खुलासा करते हुए पड़ोस में रहने वाले युवक व उसकी बुआ के पौत्र को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटे गए कुंडल बरामद कर लिए। गांव रायपुर में बुजुर्ग रामप्यारी घर पर अकेली रहती थीं। उनके पति शेर सिंह की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। उनके चार पुत्र सोमपाल, नरेश, रविंद्र, जितेंद्र व एक पुत्री सभी शादीशुदा हैं। एक पुत्र जयपाल की कई वर्ष पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। सोमपाल दिल्ली में और अन्य तीनों पुत्र व जयपाल का परिवार पानीपत में रहते हैं। सभी फैक्टरी में काम करते हैं। सोमवार सुबह रामप्यारी जब सुबह सात बजे तक सोकर नहीं जागीं और घर से बाहर नहीं आईं तो पड़ोसियों ने दीवार से झांककर देखा तो वह चारपाई पर अचेत अवस्था में दिखाई दीं। आवाज लगाई लेकिन कोई हलचल न होने पर दीवार फांदकर अंदर गए तो वह मृत अवस्था में मिलीं। उनका बायां हाथ चारपाई से बंधा हुआ था और मुंह कपड़े से बंधा था। ग्रामीणों ने पुलिस और उनके पुत्रों को जानकारी दी। सीओ थानाभवन अमरदीप मौर्य, बाबरी थाना प्रभारी, फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वॉयड की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। रामप्यारी के कान फटे हुए मिले और सोने के कुंडल गायब थे। मृतक के पुत्र रविंद्र की तरफ से बाबरी थाने पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। महिला की मौत से परिजनों में गम का माहौल बना है। कुंडल समेत आरोपी किए गिरफ्तार- एएसपी सुमित शुक्ला ने बताया कि इस हत्याकांड में मृतका के पड़ोस में रहने वाले सुमित और उसकी बुआ के पौत्र आदित्य निवासी गांव बहेड़ी थाना कोतवाली नगर मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से लूटे गए सोने के एक जोड़ी कुंडल बरामद हुए। एएसपी ने बताया कि आरोपी सुमित ने पुलिस पूछताछ में बताया कि रविवार को रामप्यारी अपने घर के बाहर बैठी हुक्का पी रही थीं। उसी समय वह और आदित्य भी हुक्का पीने के लिए पहुंच गए। बातचीत में आदित्य को पता चला कि रामप्यारी घर पर अकेली रहती हैं। उनकी नजर उनके पहने हुए कुंडल पर पड़ी तो उन्हें लालच आ गया। इसके बाद रात में वे दोनों दीवार फांदकर घुसे और महिला के कुंडल खींच लिए। रामप्यारी के विरोध करने पर कपड़े से मुंह दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद वे दोनों मौके से भाग गए थे। एएसपी ने बताया कि दोनों आरोपियों का चालान कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आस-पड़ोस में रहने वालों पर भरोसा करती थी रामप्यारी - ग्रामीणों ने बताया कि बुजुर्ग रामप्यारी पड़ोस में रहने वालों सुमित व अन्य लोगों पर भरोसा करती थीं और उन्हीं के भरोसे वह गांव में अकेली रह रही थीं। आरोपी सुमित भी उसके घर पर आता जाता रहता था। सभी लोग मिलजुल कर रहते थे। लेकिन उसे क्या पता था कि जिस सुमित पर वह भरोसा करती थी, वही उसकी हत्या कर देगा। सीसीटीवी कैमरे की मदद से हत्यारोपियों तक पहुंची पुलिस- हत्या की वारदात के बाद पुलिस ने गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो सुमित व उसका रिश्तेदार गांव में देर रात गली में आते-जाते दिखाई दिए। इसके बाद पुलिस ने उनकी तलाश की, तो सुमित घर पर ही मिल गया, जबकि आदित्य अपने घर मुजफ्फरनगर चला गया था। सुमित से पूछताछ की गई तो वारदात का खुलासा हो गया।

# बहराइच में दिल दहला देने वाली घटना: लापता युवक का बाग में संदिग्ध अवस्था में मिला शव



क्यूँ न लिखूँ सच/ बहराइच (संवाददाता अमरीक सिंह)= जनपद बहराइच से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है।

नानपारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बैसवारा निवासी विशंभर उर्फ राधेश्याम (पुत्र समय दीन) बीते 18 मार्च 2026 से अचानक लापता हो गए थे। परिजनों द्वारा सभी रिश्तेदारों और संभावित जगहों पर उनकी काफी तलाश की गई, लेकिन उनका कहीं कुछ सुराग नहीं लगा।

पुलिस को दी गई थी गुमशुदगी की सूचना- हर तरफ से निराश होने के बाद परिजनों ने स्थानीय नानपारा थाने में मामले की सूचना दी। परिजनों का कहना है कि प्रार्थना पत्र देने के बाद पुलिस ने उन्हें आश्वासन दिया था कि युवक की जल्द ही खोज कर ली जाएगी।

अगले ही दिन आम के बाग में मिला शव- प्रार्थना पत्र देने के दूसरे ही दिन, थाना मटेरा क्षेत्र के अंतर्गत पहलादी समय माता मंदिर के पास स्थित एक आम के बाग में विशंभर उर्फ राधेश्याम का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला।

फॉरेंसिक टीम ने की जांच, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया- शव मिलने की सूचना पाते ही मटेरा थानाध्यक्ष हरकेश सिंह भारी पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया।

पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच-पड़ताल की। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नाबालिक बालिका के साथ बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया

क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी= फरियादिया उम्र 17 साल निवासी ग्राम कंचनपुर भूवरा थाना मायापुर ने थाना आकर रिपोर्ट किया कि दिनांक 08.03.2026 को मेरी मां एवं पिता घर पर नहीं थे घर पर मैं अकेली थी रात को कमरे के बाहर बने दालान में सो रही थी तभी रात करीब 11 बजे गांव का अनिल लोधी आया और मेरे साथ जबरदस्ती गलत काम (बलात्कार) किया एवं बोला कि अगर यह बात किसी को बताई तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा, फरियादिया की रिपोर्ट पर से थाना मायापुर मे अपराध क्र. 52/26 धारा 64(1), 351(3), 332(ख) बीएनएस ङ पाक्सो एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड़ द्वारा महिला संबंधी अपराधों मे तुरंत एवं गंभीरता से कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है एवं अपराध क्रमांक 52/2026 मे अपराध नाबालिग बालिका से जुड़ा होने से आरोपी कि जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा दिये निर्देशों के पालन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर श्री प्रंशात शर्मा के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी मायापुर उप निरीक्षक दिनेश सिंह नरवरिया के द्वारा अपराध सदर मे तुरंत कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम बनाकर आरोपी की तलाश की गयी। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी अनिल लोधी पुत्र बालकिशन लोधी उम्र 23 साल निवासी ग्राम बनोटा हाल कंचनपुर भूवरा थाना मायापुर जिला शिवपरी (म0प्र0) को सूचना के 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पिछोर में पेश किया गया। सराहनीय कार्यवाही - उप निरीक्षक दिनेश सिंह नरवरिया, उनि अजय पटेल, प्रआर0 269 ऊधम सिंह भिलाला,प्रआर0 532 सुरेन्द्र राय, प्रआर0 270 रघुवीर सिंह लोधा आर. 1132 सर्वेश शर्मा, आर. 1111 चन्द्रभान सिंह, आर0 994 मुरारीलाल अटारिया, आर. 1086 राजवीर सिंह पवैया, आर0 31 रवि लोधी महिला आर0 748 अनुराधा मांझी की अहम भूमिका रही।




# नर सेवा नारायण सेवा के तहत निशुल्क नेत्र शिविर, 55 मरीजों को मिला चश्मा व दवाइयां

क्यूँ न लिखूँ सच/ अमरीक सिंह बहराइच। जनपद के मटेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत लीला पर स्थित प्राथमिक विद्यालय में नर सेवा नारायण सेवा के तहत एक निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन समाजसेवी डॉ. शिवेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश यादव की अगुवाई में आए हुए मरीजों की आंखों की जांच की गई। शिविर में कुल 55 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयां और चश्मे निशुल्क वितरित किए गए। डॉ. मुकेश यादव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आंखों से संबंधित समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे में समय-समय पर इस तरह के शिविरों का आयोजन बेहद आवश्यक है। उन्होंने लोगों से आंखों की नियमित जांच कराने और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। इस प्रकार के शिविर न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं, बल्कि समाज में सेवा भाव को भी मजबूत करते हैं।




# पंचायत चुनाव पर नजर: भाजपा की नई जिला कार्यसमिति में युवाओं को तरजीह, कई दिग्गज बाहर

पंचायत चुनाव में बूथ और गांव स्तर पर मजबूत पकड़ बनाने के लिए ऐसे कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है, जो क्षेत्र में सक्रिय माने जाते हैं। संगठन ने जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधने की भी कोशिश की है।भाजपा की नई 89 सदस्यीय जिला कार्यसमिति की घोषणा को आगामी पंचायत चुनाव की तैयारी से जोड़कर देखा जा रहा है। संगठन ने इस बार कार्यसमिति में बड़े पैमाने पर बदलाव करते हुए युवाओं और सक्रिय कार्यकर्ताओं को मौका दिया है, जबकि लंबे समय से पदों पर बने कई दिग्गज नेताओं को बाहर रखा गया है। इससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि पार्टी पंचायत चुनाव को ध्यान में रखकर नई टीम तैयार कर रही है।सूत्रों के अनुसार जिला कार्यसमिति गठन को लेकर पिछले कई हफ्तों से मंथन चल रहा था। पंचायत चुनाव में बूथ और गांव स्तर पर मजबूत पकड़ बनाने के लिए ऐसे कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है, जो क्षेत्र में सक्रिय माने जाते हैं। संगठन ने जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधने की भी कोशिश की है, ताकि ग्रामीण इलाकों में चुनावी समीकरण मजबूत रह सके।नई सूची में 11 महिलाओं को जगह दी गई है। इसे भी पंचायत चुनाव की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है, क्योंकि पंचायत स्तर पर महिला सीटों की संख्या अधिक रहती है और पार्टी महिला कार्यकर्ताओं को पहले से सक्रिय करना चाहती है। बताया जा रहा है कि कई पूर्व पदाधिकारियों के नाम सूची में न होने से अंदरखाने नाराजगी भी है, लेकिन संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारी इसे सामान्य बदलाव बता रहे हैं। उनका कहना है कि पंचायत चुनाव को देखते हुए जमीन पर काम करने वाले लोगों को प्राथमिकता दी गई है। जिलाध्यक्ष इकबाल बहादुर तिवारी ने कार्यसमिति में अनुभव और युवा ऊर्जा के संतुलन के जरिए गांव-गांव तक संगठन को मजबूत करने की रणनीति बनाई है। पार्टी पदाधिकारियों का मानना है कि नई टीम के गठन से पंचायत चुनाव में कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ेगी और संगठन को सीधा लाभ मिलेगा। राजनीतिक जानकारों के अनुसार नई जिला कार्यसमिति का गठन केवल संगठनात्मक बदलाव नहीं, बल्कि पंचायत चुनाव की तैयारी का संकेत है, जिसमें भाजपा बूथ स्तर तक मजबूत नेटवर्क खड़ा करना चाहती है।

# दो से चार घंटे की नवजात बच्ची को झाड़ियों में फेंककर चले गए, कपड़े में लिपटी रोती हुई मिली

नवजात बच्ची झाड़ियों में पड़ी मिली। वो कपड़े में लिपटी हुई थी और रो रही थी। इलाज के बाद उसे बालगृह भेज दिया गया है।राजेसुल्तानपुर क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने



आई है। क्षेत्र में एक नवजात बच्ची को किसी ने जन्म के तुरंत बाद झाड़ियों में फेंक दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नवजात बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया। बच्ची के स्वस्थ्य होने के बाद उसे बाल गृह भेज दिया गया।क्षेत्र के समडीह गांव के दक्षिण जिले की सीमा पर रामफेर यादव के भट्ठे के निकट रविवार की शाम लगभग सात बजे गांव के कुछ बच्चों को झाड़ियों से किसी के रोने की आवाज सुनाई थी। जानकारी मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए जहां कपड़े में लिपटी एक नवजात बच्ची रोती मिली।थानाध्यक्ष अक्षय पटेल के अलावा आजमगढ़ के अतरौलिया थाने की पुलिस भी आ गई। नवजात बच्ची लगभग दो से चार घंटे की बताई जा रही है। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से बच्ची को भवनाथपुर चौराहे पर निजी अस्पताल में दिखाया। इसके बाद उसे समाजसेवी गौरव यादव की मदद से अतरौलिया स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां गौरव यादव व उनकी टीम ने स्वस्थ्य होने के बाद बच्ची को बाल गृह आजमगढ़ भेज दिया गया। इस दौरान कई ग्रामीणों ने मासूम को गोद लेने की इच्छा भी जाहिर की लेकिन सभी को कानूनी प्रक्रिया का पालन करने की सलाह देते हुए लौटा दिया गया।

# सहारनपुर में बड़ी वारदात, पुलिस के सामने युवती को मारी गोली, सीएचसी में मेडिकल कराने लाई थी, आरोपी फरार

सहारनपुर में फतेहपुर सीएचसी पर मेडिकल के लिए लाई गई युवती को पुलिस की मौजूदगी में बाइक सवार हमलावरों ने गोली मार दी। घायल युवती का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।सहारनपुर में दिनदहाड़े पुलिस की मौजूदगी में एक युवती को गोली मारने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मेडिकल के लिए लाई गई युवती पर हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।सीएचसी परिसर में हुई वारदात- घटना छुटमलपुर क्षेत्र के फतेहपुर सीएचसी की है। सोमवार को पुलिस एक युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल लाई थी। मेडिकल के बाद उसे प्राइवेट कार से सहारनपुर ले जाने की तैयारी चल रही थी। कार में उप निरीक्षक और महिला सिपाही युवती के साथ मौजूद थे। इसी दौरान बाइक पर सवार तीन हमलावर वहां पहुंचे और कार के शीशे से सटाकर युवती पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।सिर में मारी तीन गोलियां- हमलावरों ने युवती के सिर में एक के बाद एक तीन गोलियां मारीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़ी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने तुरंत युवती को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पहले युवक के साथ चली गई थी युवती- बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले युवती एक युवक के साथ चली गई थी। पुलिस ने उसे बरामद कर लिया था और आगे की कार्रवाई के तहत मेडिकल के लिए अस्पताल लाई गई थी।हमलावर फरार, जांच शुरू- घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है और आसपास के क्षेत्रों में जांच की जा रही है। इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि पुलिस की मौजूदगी में ही इतनी बड़ी वारदात हो गई।



## संक्षिप्त समाचार

# दूसरे युवक से बात करती थी पत्नी, युवक पहुंचा थाने, समझौते के बाद विवाहिता ने दे दी जान

महिला ने कथित तौर पर दूसरे युवक के साथ रहने की इच्छा जताई थी, लेकिन पुलिस ने दोनों के दो छोटे का हवाला देते हुए समझौता कराकर उसे पति के साथ घर भेज दिया। कुछ ही घंटों बाद विवाहिता ने फंदे से लटककर जान दे दी।बाराबंकी की फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर चक बहेरवा गांव में पति को पत्नी के पास मोबाइल मिलने से शुरू हुआ विवाद थाने तक जा पहुंचा। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर घर भेज दिया, लेकिन कुछ ही घंटों बाद विवाहिता ने फंदे से लटककर जान दे दी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।पुलिस के अनुसार गांव निवासी वीरेंद्र कुमार यादव को रविवार को पत्नी रीना यादव (25) के पास मोबाइल मिला। पूछताछ में उसे संदेह हुआ कि वह किसी अन्य युवक से बातचीत करती है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया और मामला फतेहपुर कोतवाली पहुंच गयापुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर समझाने का प्रयास किया। बताया जाता है कि महिला ने कथित तौर पर दूसरे युवक के साथ रहने की इच्छा जताई थी, लेकिन पुलिस ने दोनों के दो छोटे का हवाला देते हुए समझौता कराकर उसे पति के साथ घर भेज दिया। रात में रीना की मां भी उसे समझाने के लिए घर पर ही रुक गई थीं। सोमवार सुबह वीरेंद्र अपनी सास को बिंदौरा चौराहे तक छोड़ने गया था। घर लौटने पर उसने कमरे के अंदर साड़ी के फंदे से पत्नी का शव लटका देखा। वहीं दोनों मासूम बच्चे मां के बिना बिलखते मिले। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फतेहपुर कोतवाली प्रभारी अमित प्रताप सिंह ने बताया कि फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# बच्चों से भरी बस के आगे फन उठाकर खड़ा हुआ सांप, मचा हड़कंप

सहार थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह दिबियापुर स्थिति एक स्कूल की बस जब बच्चों को लेकर निकली, तो रास्ते में एक नाग फन उठाकर बीच सड़क पर आया गया। करीब आधे घंटे तक चले इस हाई-वोल्टेज ड्रामे ने बच्चों की सांसें अटका दीं। सेंट साईं नाथ इंटर कॉलेज दिबियापुर की बस सोमवार सुबह करीब आठ बजे सौंथरा मार्ग से गुजर रही थी। बस बच्चों से खचाखच भरी थी।तभी अचानक बीच सड़क पर एक सांप फन उठाकर आ गया। चालक ने जैसे ही उसे देखा तो बस रोक दी। बस के रुकते ही अंदर बैठे बच्चों में चीख-पुकार मच गई। सांप टस से मस होने को तैयार नहीं था। वह लगातार फन फैलाए बस की ओर देख रहा था। देखते ही देखते सड़क के दोनों तरफ वाहन रुक गए। जानकारी के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोग डर के मारे दूर खड़े होकर हाथ जोड़ने लगे और मन्नतें मांगने लगे कि किसी तरह सांप रास्ता छोड़ दे। चालक और स्कूल स्टाफ ने बच्चों को बस के अंदर ही रहने की हिदायत दी। आधे घंटे के बाद सांप शांति से सड़क किनारे झाड़ियों में चला गया। इसके बाद ही चालक ने बस आगे बढ़ाई। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।



KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड मध्य प्रदेश, दिल्ली, बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर, जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# Why is this 4-digit number written on tires? Here's the interesting story behind it.

Have you ever tried to read the codes on your vehicle's tires? This information isn't just a number, but a guideline for your safety. From the tire's strength to its expiration date, everything is written on the tire itself. Our safety while driving rests entirely on the four tires that maintain direct contact with the road. People often replace tires when they wear out. But did you know that tires also have an expiration date? If you've noticed, there are numerous numbers and codes written on the sidewalls of tires. These codes indicate the tire's width, height, rim size, and date of manufacture. Old or expired tires may look fine, but their rubber hardens and weakens over time, increasing the risk of a tire burst significantly when driving at high speeds. Understanding tire coding is essential for every vehicle owner, given today's safety standards. So, let's learn in detail about these numbers written on the sidewall of the tire in this article. How to identify the manufacturing and expiry date of the tire? To know the age of the tire, look at the four digits written at the end of the 'DOT' code on the sidewall. The first two digits represent the 'week' of that year and the last two digits represent the 'year'. For example, if the code is '1026', it means that the tire was manufactured in the 10th week of 2026. Generally, the lifespan of a tire is 5 to 6 years from the manufacturing date. Even if the tire's grip remains, after 6 years the rubber starts losing its grip. What does tire size (205/55 R16) mean? - Large numbers written on the sidewall like '205/55 R16' determine the performance of your vehicle. Here '205' is the width of the tyre (mm), '55' is the percentage of its height, and 'R16' means that it is a 'radial' tyre made for a 16-inch rim. Installing the wrong size tyre adversely affects the mileage, suspension and steering balance of the vehicle. Always install tyres of the recommended size from reputable manufacturers. Understanding Load Index and Speed ??Rating - Right after the tyre size there is a number and letter, like '91V'. This indicates the load carrying capacity of the tyre and the maximum safe speed. For example, load index 91 means that the tyre can carry a load of up to 615 kg. 'V' means that the tyre is safe up to a speed of 240 km/h. If you drive at a speed or load more than the capacity of your vehicle, the heat inside the tyre increases, due to which there is a possibility of sudden burst. Tyre care and safety tips- Just reading the numbers is not enough, to increase the life of tyres, get 'tyre rotation' and alignment done every 5000 km. Check the tyres from time to time for cuts, cracks or bulges. Nowadays, modern cars come with tyre pressure monitoring system, which gives immediate alert when the air gets low. Keep in mind that tyres are the part of your vehicle which keeps you connected to the road. Hence, invest in good quality and right age tyres.




# These 3 methods will restore a burnt cooker to its original state; 90% of people don't know about other methods.

It's common for some people to have black stains on their old cookware. These stains are so stubborn that they don't come off even after repeated scrubbing. In this article, let's explore some home remedies for removing these stains. While cooking in the kitchen, a simple carelessness can often lead to serious burns in a pressure cooker. Whether it's lentils burning or rice sticking to the bottom, cleaning stubborn black stains can be quite challenging. Despite repeated scrubbing, the cooker's shine doesn't return and requires a lot of effort. But the good news is that by combining a few household ingredients correctly, you can make this difficult task a snap. In today's smart home, where time is scarce, natural cleaning agents like baking soda, vinegar, and lemon are far superior to chemical cleaners. The good news is that with a simple trick that takes just a few minutes, you can not only remove the blackness from your cooker but also make it shine like new. You can try this remedy on both aluminum and stainless steel cookers. Let's explore this in detail. Powerful Combination of Baking Soda and Vinegar - Fill the burnt cooker with two cups of water and add two teaspoons of baking soda and half a cup of white vinegar. Let it boil on the stove for 5 minutes. This mixture loosens stubborn carbon deposits. As soon as the water starts to turn black, turn off the stove and discard it. Now, scrub gently with dish soap; the blackness will be removed immediately. Natural Scrub with Lemon and Salt - If the stains are very old and stubborn, lemon juice and common salt work as an excellent natural abrasive. Sprinkle salt on the burnt area and rub with a lemon slice. The citric acid in lemon cuts through tarnish, and the salt helps scrape it off. Leave it for 10 minutes and then rinse with lukewarm water. The cooker will shine again. Detergent Solution for Aluminum Cookers: Boiling a teaspoon of laundry powder and a little water can be very effective for aluminum cookware. The enzymes in the detergent deeply clean burnt food particles. After boiling, gently scrub with a steel scrubber. Be careful not to scrub too hard, as this could leave marks on the cooker's surface. Tips to Prevent Burning: Keeping utensils clean is not only important for aesthetics but also for hygiene. To prevent future burns, always cook on low heat and be mindful of the amount of water. Today's modern non-stick and hard anodized cookware is even easier to maintain, but using these home tricks from time to time can keep them looking new for a long time. Clean utensils not only make food tasty but also enhance the beauty of your kitchen.




# Useful information: People from any state can obtain a learning driving license from home. Learn how here.

If you live in Noida, you can complete the process of obtaining a learning driving license online. You only need to go for the test. Different documents are required for various purposes. For example, if you want to drive, your vehicle's documents must be complete. A driving license is also essential. If you don't have one, you may be fined. However, before obtaining a driving license, you must obtain a learning driving license. This is a temporary license that allows you to learn driving with an experienced driver. Therefore, if you are a Noida resident, you can obtain a learning driving license from home. Let's learn how to do it online. How can Noida residents obtain a learning driving license? Step number one - To get a learning driving license, first you have to go to the official website of Parivahan https://parivahan.gov.in/ Then you have to go to the 'Online Services' option here and go to 'Driving License Related Services'. Step number two After this, you have to scroll down and select your state. Then you have to click on the option 'Apply For Learner Licence'. Then you have to click on 'Applicant does not hold any Driving/Learner license issued in India'. After this you have to select your category. Step number three Then proceed with Aadhaar or without Aadhaar. Now fill the form and after this you have to pay the fees online. After this, an online test is taken of you. If everything is correct, your learning license is made. What documents are required? Age certificate, address proof, medical certificate, passport size photo etc.



# Is a sequel to "Kabhi Khushi Kabhie Gham" being made? Now, Karan Johar himself has revealed the truth; he said this about "Takht."






Karan Johar has responded to the sequel to one of his most successful films, "Kabhi Khushi Kabhie Gham," and also provided an update on his highly anticipated project, "Takht." For the past several days, there have been rumors that Karan Johar is planning a sequel to his 2001 film, "Kabhi Khushi Kabhie Gham." Now, Karan Johar himself has responded to these rumors. He also clarified his stance on the revival of his ambitious project, "Takht." "Kabhi Khushi Kabhie Gham 2" is not being made - In a conversation with Sonal Kalra for "The Right Angle," Karan Johar clarified that "Kabhi Khushi Kabhie Gham 2" and "Takht" are not being made. He said, "I will never make a 'Kabhi Khushi Kabhie Gham 2.'" It's not because 'Kabhi Khushi Kabhie Gham' was the best film ever made, not at all. Every film has its flaws, but what this one holds above all else is its nostalgia. Generations have grown up watching this film. Whether they liked it or not, or what made them cry, they still love it today. I'm incredibly grateful to the universe for having the opportunity to make a film that still resonates with people. I'm incredibly proud and happy about it. Making a sequel to a film like 'Kabhi Khushi Kabhie Gham' is like setting oneself up for ruin. I'll definitely make 'Takht' one day. Regarding 'Takht,' which was officially announced in 2020, Karan clarified that there are currently no plans to reboot Takht. But 'Takht' is a film that I will definitely make to the best of my ability. The story, written by Sumit Roy, is one of the strongest scripts I've ever seen, and he deserves all the credit. I believe this is the best script of my career. I hope to make this film one day. 'Takht' was announced in 2020 - Takht was announced in 2020. It included stars like Ranveer Singh, Alia Bhatt, Anil Kapoor, Kareena Kapoor, Vicky Kaushal, Janhvi Kapoor and Bhumi Pednekar. But due to Covid-19, it was delayed and it has not been released yet. Whereas 'Kabhi Khushi Kabhie Gham' is one of the most popular family dramas of Bollywood, released in 2001. It stars Amitabh Bachchan, Shahrukh Khan, Kajol, Hrithik Roshan, Kareena Kapoor and Jaya Bachchan in lead roles.

# From Bobby Deol to Urmila Matondkar, several Bollywood stars attended Manish Malhotra's mother's prayer meeting.







A prayer meeting was held today to pay tribute to Manish Malhotra's mother. Several Bollywood stars attended. Find out who all paid their respects to Manish's mother... Garima Malhotra, mother of renowned fashion designer Manish Malhotra, passed away on Thursday, March 19th. A prayer meeting was held today to pay tribute to her. Several Bollywood stars attended, including Urmila Matondkar and Bobby Deol, Twinkle Khanna, and Gauhar Khan. Ajay Devgn and Kajol, along with their wife Kajol and daughter, attended Manish Malhotra's mother's prayer meeting to offer condolences. Sara Ali Khan and Ibrahim Ali Khan also attended. Actress Sara Ali Khan also paid tribute to Manish Malhotra's mother. His brother Ibrahim Ali Khan was also present during this time. Gauri Khan and Siddhant Chaturvedi also arrived - The constant flow of celebrities to Manish Malhotra's house continues. Shah Rukh Khan's wife Gauri Khan and actor Siddhant Chaturvedi also came to pay their respects to Manish Malhotra's mother. Urmila Matondkar - Famous 90s actress Urmila Matondkar was also seen during this time. Bobby Deol arrived with his wife, Twinkle Khanna also attended - Bobby Deol and Twinkle Khanna arrived together at Manish Malhotra's mother's prayer meeting. Bobby Deol's wife was also seen with them during this time. Gauhar Khan - Bigg Boss fame and actress Gauhar Khan also attended Manish Malhotra's prayer meeting to remember his mother. Manish Malhotra canceled his fashion show - Manish Malhotra canceled a fashion show scheduled for today due to the grief of losing his mother. A social media post shared that Manish Malhotra's fashion show on Saturday has been canceled. Manish is currently going through an unbearable grief due to the passing of his mother, making it impossible for him to perform in a fashion show. In his place, fashion lovers will now be treated to Anurag Gupta's show.

# Fans are crazy for BTS' comeback concert; millions gathered in Seoul to watch the show; find out where to watch it from home?



Fans are experiencing tremendous excitement for the comeback concert of global K-pop powerhouse BTS. Millions have gathered in Seoul for this historic concert today, March 21st. K-pop band BTS is set to perform together after a long break on Saturday in Seoul, the capital of South Korea. This is the band's first performance together since October 2022, and fans are also excited about their comeback concert. According to media reports, more than 250,000 people have gathered in Seoul. Roads are jam-packed. Fans have been eagerly awaiting the "BTS The Comeback" live concert today, March 21st, in Seoul's historic Gwanghwamun Square. This is a moment that BTS fans have been eagerly awaiting. Now that the moment has arrived, fans are going crazy. Today, all the band members—RM, Jin, Suga, J-Hope, Jimin, V, and Jung Kook—are performing together on stage for the first time after nearly four years. Where to watch the BTS comeback show from home? If you're a BTS fan and want to see this live concert, you have an option to watch it from home. It can be streamed on the OTT platform Netflix. Netflix collaborated with the Korean band BTS. In February, the streaming platform announced a partnership with the K-pop band BTS. Under this agreement, Netflix announced the live streaming of the documentary film "BTS: The Return" as well as the globally popular group's comeback concert. Netflix holds the rights to this concert. The sky lit up with drones—Seoul has been buzzing with activity since Friday, a day before the concert. Last night saw a drone show that projected images of all the BTS members into the sky. The drone show lit up the sky.